# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (20.11.2024)

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 20.11.2024, PAGE-02**

# अंतर विवि फुटबॉल खेलने विवि की टीम गई कोलकाता

**मुज़फ्फरपुर|** पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) के लिए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम गठित कर ली गई है। सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के उपरांत विवि के क्रीड़ा सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने टीम की घोषणा की। टीम में रोहित राज, महताब आलम, रेहान सिद्दीकी, गोविंद कुमार व साजन कुमार (एमएस कॉलेज, मोतिहारी), कुणाल कुमार (आरएस कॉलेज मुजफ्फरपुर), पप्पू कुमार (एलएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर), उमेश उरांव (रामलखन सिंह कॉलेज, बेतिया), अभिषेक गिरी (एसआरएपी कॉलेज, बाराचकिया), वीरेंद्र कुमार, राजीव काजी, विशाल कुमार, प्रशांत कुमार, प्रभास कुमार, रवि रंजन कुमार, अंकित कुमार, अखिलेश उरांव व बाल्मीकि कुमार (टीपी वर्मा कॉलेज नरकटियागंज) को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता में होना है। विश्वविद्यालय का पहला मैच 21 नवंबर को राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड के साथ होगा। मैनेजर सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम मंगलवार को कोलकाता प्रस्थान कर गई। इधर, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, खेल परामर्शी डॉ. संजय सिन्हा, महेंद्र प्रसाद, सूरज कुमार आदि ने चयनित टीम के सदस्यों को बधाई दी है। साथ ही फुटबॉल टीम के सभी सदस्यों को टीपी वर्मा कॉलेज नरकटियागंज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र राय ने सम्मानित किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 20.11.2024, PAGE-02

स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर • परीक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी

# आधे से अधिक पेपर में फेल होने पर दोबारा सबके भरने होंगे फॉर्म

एजुकेशन रिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

सीबीसीएस के तहत 4 वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर में 50 फीसदी यानी आधे से अधिक पेपर में फेल होने वाले छात्रों को ही दोबारा सभी पेपर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरना है। यदि छात्र 50 फीसदी से कम पेपर में फेल हैं तो केवल उन्हीं पेपर का परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा, जिसमें वे प्रमोट हैं। वैसे छात्र जिनका किसी कारणवश परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जा सका है, वे अगले सत्र के छात्रों के साथ अपना फॉर्म भरेंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग की ओर से अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है। बीआरएबीयू में चार वर्षीय स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 16 नवंबर से ही कॉलेजों में फॉर्म भरा जा रहा है। इसमें पिछले सत्र के फर्स्ट सेमेस्टर के प्रमोटेड छात्रों को भी शामिल होना है। विश्वविद्यालय की ओर से समय पर गाइडलाइन नहीं दिए जाने के कारण अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में सैकड़ों छात्रों ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर में त्रुटिपूर्ण फॉर्म भरा है। एक या दो विषय में फेल होने वाले विद्यार्थियों ने भी सभी पेपरों के लिए फॉर्म भर दिया है। इस तरह का मामला सामने आने के बाद कॉलेजों ने परीक्षा विभाग से मार्गदर्शन मांगा है। तब विश्वविद्यालय की ओर से फॉर्म भरने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया।

## विवि ने फॉर्म का नया फॉर्मेट जारी किया

परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विवि ने एडवाइजरी के साथ-साथ फॉर्म का नया फॉर्मेट भी जारी किया गया है। इसमें छात्रों का पूरा विवरण जैसे प्रमोटेड, फेल और एक्स रेगुलर का जिक्र होगा। साथ ही मेजर विषय से लेकर तीन प्रमोटेड विषयों का जिक्र करना होगा। विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र का भी वर्णन करना होगा। कॉलेजों की ओर से बताया गया है कि त्रुटिपूर्ण परीक्षा फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों से बुधवार से संपर्क किया जाएगा। उन्हें कॉलेज में बुलाकर भरे हुए फार्म को सुधारा जाएगा या नए फार्मेट के अनुसार परीक्षा फॉर्म भरना होगा। यह समस्या केवल वैसे छात्रों के लिए हुई है, जो सत्र 2023-27 में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में फेल व प्रमोट हुए थे।

## इधर, पीजी संगीत के छात्रों को सेकेंड सेमेस्टर का फॉर्म भरने की अनुमति

मुजफ्फरपुर| एलएस कॉलेज के पीजी संगीत में नामांकित छात्रों को कुलपति के आदेश पर सेकेंड सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दे दी गई है। पिछले दिनों दर्जन भर से अधिक छात्रों को कॉलेज की ओर से परीक्षा फॉर्म भरने से रोका गया था। इसके बाद विद्यार्थियों ने डीएसडब्ल्यू से मिलकर अपनी समस्याएं सुनाई थीं। छात्रों का कहना था कि उन्हें सेकंड सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने से रोका जा रहा है। नॉन प्रैक्टिकल वाले विषयों के छात्रों ने पीजी संगीत में नामांकन ले लिया था। साथ ही उन्होंने प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा भी दे दी है। मामला संज्ञान में आने के बाद उन्हें सेकेंड सेमेस्टर में फॉर्म भरने से रोका गया। बताया गया है कि इसमें कई छात्रों ने स्नातक स्तर पर इतिहास की पढ़ाई की है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से मामले की जांच कराई जाएगी।

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:20.11.2024**
**PAGE-06**


## कुलपति के आदेश पर फार्म भरेंगे संगीत के छात्र

**मुजफ्फरपुर:** एलएस कालेज के पीजी संगीत में नामांकित छात्र अब कुलपति के आदेश पर परीक्षा फार्म भरेंगे। कुलपति की ओर से मंगलवार को इसका निर्देश जारी किया गया है। पिछले दिनों दर्जन भर से अधिक छात्रों को कालेज की ओर से परीक्षा फार्म भरने से रोका गया था। इसके बाद विद्यार्थियों ने डीएसडब्ल्यू से मिलकर अपनी समस्याएं सुनाई थी। (जासं)

## डा. धीरेंद्र को डिप्टी रजिस्ट्रार-वन का प्रभार

**मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में डा. धीरेंद्र कुमार सिंह को डिप्टी रजिस्ट्रार - 1 का प्रभार दिया गया है। वहीं वीणा कुमारी को उप कुलसचिव स्थापना की जिम्मेदारी दी गई है। इसको लेकर कुलसचिव की ओर से मंगलवार को अधिसूचना जारी की गई है। कहा गया है कि डिप्टी रजिस्ट्रार-1 कन्हैया कुमार 30 अक्टूबर को रिटायर हो गए हैं।। (जासं)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 20.11.2024, PAGE-06**


## एसएसआर भेजने के लिए विवि मांगेगा समय

मुजफ्फरपुर। नैक मूल्यांकन के लिए बिहार विवि में तैयारी जोर शोर से चल रही है। विवि में अभी एसएसआर भेजने की तैयारी की जा रही है। तैयारी अंतिम चरण में है। उधर, दीपावली और छठ की छुट्टी हो जाने के कारण विवि प्रशासन नैक से एसएसआर जमा करने के लिए समय मांगेगा। वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि छुट्टी के कारण विवि बंद था, इसलिए हमलोग नैक से 15 दिन का समय मांगेंगे।

## नालंदा से ज्ञान कुंभ पहुंचा विश्वविद्यालय

मुजफ्फरपुर। नालंदा में हुए ज्ञान कुंभ कार्यक्रम से ज्ञान कुंभ मंगलवार को विवि पहुंचा। इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो. राजीव कुमार ने इसे कुलपति को सौंपा। तय किया गया कि बीआरएबीयू में खुलने वाले इंडियन नॉलेज सेल में इस ज्ञान कुंभ को रखा जाएगा। अभी यह कुलपति के आवास पर रहेगा। नालंदा में हुए ज्ञान कुंभ में बीआरएबीयू ने भी सहभागिता की थी।

## बीआरएबीयू का पहला मैच गोविन्द विवि से

मुजफ्फरपुर। कोलकाता ऑफ यूनिवर्सिटी में मंगलवार से शुरू ईस्ट जोन मेंस इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बीआरएबीयू की मेंस फुटबॉल टीम मंगलवार को कोलकाता के लिए रवाना हो गई। स्पोर्ट्स कौंसिल के को-ऑर्डिनेटर महेन्द्र प्रसाद चाचा ने बताया कि बीआरएबीयू का पहला मैच 21 नवंबर को गोविन्द यूनिविर्सिटी, रामगढ़ से होगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 20.11.2024, PAGE-06**

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर को लेकर विवि के परीक्षा विभाग ने जारी किया निर्देश

## तीन से अधिक विषयों में फेल तो सभी की देनी होगी परीक्षा

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। स्नातक पहले सेमेस्टर में अगर कोई छात्र तीन से अधिक विषय में फेल है तो उसे अगली बार सभी विषयों में परीक्षा देनी होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने इसका निर्देश जारी किया।

परीक्षा नियंत्रक ने अपने निर्देश में कहा है कि अगर कोई छात्र कुल विषयों के आधे से कम विषय में फेल है तो छात्र जिस विषय में फेल है उसी की परीक्षा देनी होगी। इसके अलावा अगर किसी छात्र ने पहले परीक्षा फार्म नहीं भरा है तो उसे अगली बार सभी विषयों की परीक्षा देनी होगी। उधर, एलएस कॉलेज के संगीत के छात्रों को पीजी दूसरे सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति मिल गई। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह को इस बारे में जांच के लिए अधिकृत किया था। एलएस कॉलेज ने छात्रों को परीक्षा देने से रोक दिया था। इसके बाद छात्रों ने डीएसडब्ल्यू को आवेदन किया था।

बीआरएबीयू में स्नातक के सिलेबस का संशोधन जल्द पूरा हो जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। स्नातक के सिलेबस को परीक्षा के अनुकूल बनाने के लिए संशोधित किया जा रहा है। दिसंबर के पहले हफ्ते में सिलेबस तैयार हो जाने की उम्मीद है। बीआरएबीयू में आपार कार्ड बनाने के लिए वेबिनार कराया जाएगा। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। उधर, डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कॉलेजों से अबतक कितने छात्रों का आपार कार्ड बना, इसकी रिपोर्ट मांगी है।

### धीरेन्द्र सिंह बने विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार-वन

मुजफ्फरपुर। बिहार विश्वविद्यालय के नए डिप्टी रजिस्ट्रार-वन डॉ. धीरेन्द्र कुमार सिंह बनाए गए हैं। कुलपति के आदेश के बाद रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण ने मंगलवार शाम इसकी अधिसूचना जारी की। डिप्टी रजिस्ट्रार-वन का पद पूर्व डिप्टी रजिस्ट्रार-वन के रिटायर होने के बाद से खाली था।

### दोनों डिप्टी कंट्रोलर के बीच काम बंटा

मुजफ्फरपुर। बिहार विवि में दोनों डिप्टी कंट्रोलर के बीच काम बांट दिया गया है। डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणुबाला पेंडिंग सुधार और अंक पत्र प्रिंटिंग देखेंगी। डिप्टी कंट्रोलर डॉ. आनंद प्रकाश दुबे को डिग्री सेक्शन की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले दिनों बिहार विवि में दो डिप्टी कंट्रोलर की नियुक्ति की गई थी।

---

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 20.11.2024, PAGE-04**

### प. बंगाल के सिस्टर निवेदिता विवि में आठ से इस्ट जोन युवा महोत्सव शुरू

## विवि की सांस्कृतिक टीम के चयन के लिए 25 से होंगी 28 प्रतियोगिताएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से इस्ट जोन सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर टीम बनेगी. इसके लिए सीनेट सभागार में 25 से 29 नवंबर के बीच प्रतियोगिताएं होंगी. इसबार अलग-अलग कॉलेजों की जगह विवि में ही सभी 28 प्रतियोगिताएं केंद्रीकृत तरीके से करायी जायेंगी.इसका शिड्यूल जारी कर दिया गया है. विवि ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों व कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र भेजा है. कहा है कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर विवि की सांस्कृतिक टीम का गठन होगा. यह टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में हिस्सा लेगी. इसका आयोजन पश्चिम बंगाल के सिस्टर निवेदिता विवि में आठ से 12 जनवरी तक प्रस्तावित है. पहली बार केंद्रीकृत तरीके से हो रहे आयोजन में 25 नवंबर को संगीत की सभी विधाओं के लिए, 26 को नृत्य के लिए स्पर्धा होगी. 27 नवंबर को ललित कला, 28 को रंगमंचीय आयोजन व 29 को साहित्यिक आयोजन होगा. सांस्कृतिक समन्वयक डॉ इंदुधर झा ने कॉलेजों को पत्र भेजा है. कहा गया है कि इस प्रतियोगिता में सिर्फ स्नातक व पीजी के वैसे छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 25 वर्ष से कम हो, वे भाग ले सकेंगे.विवि की टीम के चयन के बाद 25 दिनों का कैंप आयोजित कर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा.

### इन विधाओं में होगी प्रतियोगिता

- क्विज, एलाक्युशन, डिबेट
- ललित कला - ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, स्पॉट फोटोग्राफी, इंस्टालेशन, मेंहदी, रंगोली।
- संगीत - क्लासिकल वोकल सोलो, सेमी क्लासिकल, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (नन परकशन), लाइट वोकल, वेस्टर्न वोकल, ग्रुप सांग इंडियन, ग्रुप सांग वेस्टर्न, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल एंड फोक आर्केस्ट्रा.
- नृत्य - ट्राइबल ग्रुप डांस व क्लासिकल डांस
- रंगमंचीय विधाएं - वन एक्ट प्ले, स्किट, माइम एंड मिमिक्री

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 20.11.2024, PAGE-04**

## डॉ धीरेंद्र डीआर-वन व वीणा असिस्टेंट रजिस्ट्रार

**मुजफ्फरपुर.** डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह बीआरएबीयू के डिप्टी रजिस्ट्रार-1 बनाया गया है. विवि की कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की है. कहा है कि कन्हैया कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह पद रिक्त हो गया था. ऐसे में असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ धीरेंद्र सिंह को डिप्टी रजिस्ट्रार-1 का कार्यभार सौंपा गया है. उन्हें इंजीनियरिंग सेक्शन के कार्यों के अतिरिक्त इस पद का भी निर्वहन करना है. साथ ही वीणा को असिस्टेंट रजिस्ट्रार बनाया गया है.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 20.11.2024, PAGE-04**

### प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने भरा त्रुटिपूर्ण फॉर्म, करना होगा सुधार

## 50% से अधिक पेपर में फेल होने पर सभी पेपर की देनी होगी परीक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से भरे जा रहे स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी मिली है. इसके बाद विवि ने छात्र-छात्राओं को निर्देश दिये हैं. कहा है कि च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत 50 प्रतिशत से अधिक विषयों में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को सभी विषयों की परीक्षा देनी होगी. 50 प्रतिशत से कम विषयों में फेल या प्रमोटेड होने पर संबंधित पेपर की ही परीक्षा देनी होगी. दरअसल, परीक्षा फॉर्म भरने के समय विश्वविद्यालय के स्तर से किसी प्रकार का दिशानिर्देश नहीं दिया गया. इस कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने 50 प्रतिशत से अधिक विषयों में फेल होने के बाद भी एक ही पेपर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरा है. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने मंगलवार को इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है. कहा है कि वैसे छात्र जिनका किसी कारणवश परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जा सका है. वे अगले सत्र के विद्यार्थी के साथ अपना फॉर्म भरेंगे. बता दें कि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 16 नवंबर से ही कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है.

### फॉर्म में छात्रों को देना होगा पूरा ब्योरा

विवि की ओर से परीक्षा फॉर्म भरने को लेकर दिशा-निर्देश दिये गये हैं. इसके साथ ही एक फॉर्मेट भी जारी किया है. इसके अनुसार छात्रों को फॉर्म के साथ ही फॉर्मेट में फेल, प्रमोटेड, एक्स या रेगुलर में से विकल्प चुनना होगा. परीक्षा फॉर्म में सत्र का भी उल्लेख करना होगा. कॉलेजों से बताया गया है कि त्रुटिपूर्ण परीक्षा फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों को सूचना दी जायेगी. विभाग की ओर से उन्हें कॉलेज में आकर ससमय अपने फॉर्म में सुधार कर लेने को कहा है.

## वीसी का आदेश, संगीत वाले छात्र भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

एलएस कॉलेज के पीजी संगीत में नामांकित छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने आदेश दे दिया गया है. नन प्रैक्टिकल वाले कई छात्र-छात्राओं ने संगीत विषय में नामांकन ले लिया था. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा भी हो गयी थी.

द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के समय उन्हें फॉर्म भरने से रोक दिया गया था. इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विवि में इसकी शिकायत की थी. छात्रों का कहना था कि स्नातक स्तर पर इतिहास व अन्य विषयों की पढ़ाई की व पीजी में संगीत में दाखिला ले लिया. ऐसे में प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक की परीक्षा के दौरान एक्सटर्नल ने विद्यार्थियों के नामांकन पर सवाल उठाया था. उन्होंने नामांकन के समय नियम की अनदेखी को मार्क किया था. इसके बाद दूसरे सेमेस्टर के फॉर्म भरने के दौरान उन्हें रोक दिया गया था. वीसी ने कहा है कि ये छात्र परीक्षा फॉर्म भरेंगे. साथ ही नामांकन प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी की जांच की जायेगी.

### मुख्य बातें

- नन प्रैक्टिकल वाले छात्रों ने ले लिया था संगीत में नामांकन
- दूसरे सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने से लगायी गयी थी रोक